बीओपीटी/डीटी/2024-25/ दिनांक: 5 जुलाई, 2024

सेवा में,

शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार के अंतर्गत एनएटीएस के
सभी हितधारक (भारत के पूर्वी क्षेत्र के 13 राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों के
उद्योग/स्थापाना, संस्थान, शिक्षु और थर्ड पार्टी एग्रीगेटर (टीपीए))

विषय: हितधारकों के लिए क्षेत्रीय शिक्षुता दिवस तथा पुरस्कार समारोह का उत्सव।

प्रिय महोदय/महोदया,

हमें यह घोषणा करते हुए खुशी हो रही है कि क्षेत्रीय शिक्षुता दिवस 7 सितंबर, 2024 (शनिवार) को मनाया जाएगा। इस कार्यक्रम में "अप्रेन्टिस ऑफ दि ईयर", " ईस्टैब्लिश्मेंट ऑफ दि ईयर" और "इन्स्टिट्यूशन ऑफ दि ईयर" पुरस्कार के माध्यम से उद्योग/स्थापनाओं, संस्थानों और शिक्षुओं के उत्कृष्ट योगदान के लिए सम्मानित किया जाएगा।

वित्तीय वर्ष 2023-24 के दौरान राष्ट्रीय प्रशिक्षुता प्रशिक्षण योजना (NATS) में सक्रिय रूप से भाग लेने वाले सभी प्रशिक्षुओं, उद्योग/स्थापनाओं और संस्थानों को हमारी वेबसाइट (www.bopter.gov.in) पर दिए गए लिंक के माध्यम से अपना नामांकन ऑनलाइन जमा करने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है। NATS को 13 पूर्वी क्षेत्रीय राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों में भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय के अंतर्गत व्यावहारिक प्रशिक्षण बोर्ड (पूर्वी क्षेत्र) [बीओपीटी (ईआर)], कोलकाता द्वारा कार्यान्वित किया जाता है।

1968 में अपनी स्थापना के बाद से, बीओपीटी (ईआर), कोलकाता इंजीनियरिंग और प्रौद्योगिकी में स्नातक और डिप्लोमा धारकों और सामान्य विषयों के स्नातकों के लिए प्रशिक्षुता प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए शिक्षु अधिनियम, 1961 (यथासंशोधित) के प्रावधानों को लागू कर रहा है। इस योजना का प्राथमिक उद्देश्य उद्योग/स्थापनाओं की सुविधाओं का उपयोग करते हुए एक वर्ष के नौकरी के दौरान प्रशिक्षण के माध्यम से इन स्नातकों के रोजगार की क्षमता को बढ़ाना है। पिछले कुछ वर्षों में, यह प्रशिक्षण न केवल तकनीकी कौशल को निखारने में बल्कि स्थापनाओं को योग्य मानव संसाधन उपलब्ध कराने में भी मददगार साबित हुआ है। यह शिक्षुओं के लिए रोजगार को सुरक्षित करने और उद्योगों के लिए स्थायी पदों के लिए संभावित उम्मीदवारों की पहचान करने हेतु एक महत्वपूर्ण मंच बन गया है।

हमारे हितधारकों के महत्वपूर्ण योगदान के सम्मान में, 7 सितंबर, 2024 को "क्षेत्रीय शिक्षुता दिवस 2024" मनाने का निर्णय लिया गया है। तीन श्रेणियों में पुरस्कार विजेताओं के लिए चयन प्रक्रिया शुक्रवार, 6 सितंबर, 2024 को आयोजित की जाएगी। चयनित पुरस्कार विजेताओं को 7 सितंबर, 2024 को क्षेत्रीय शिक्षुता दिवस कार्यक्रम के दौरान बीओपीटी (ईआर), कोलकाता के अध्यक्ष और भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय के अधिकारियों द्वारा सम्मानित किया जाएगा।

हम आपको 10 जुलाई, 2024 से www.bopter.gov.in पर शुरू होने जा रहे नामांकन प्रक्रिया में अपना नामांकन ऑनलाइन जमा करके भाग लेने के लिए आमंत्रित करते हैं। शिक्षुता प्रशिक्षण के इस उत्सव तथा उत्कृष्टता के सम्मान में इस उत्सव और प्रशिक्षुता प्रशिक्षण में की हमारे साथ जुड़ें एवं इसे सफल बनाएं।

सादर।

भवदीय,

सही/-
(डॉ. एस.एम. एजाज अहमद)
निदेशक